**समय : ३ घंटे** **कुल अंक : १००**

**(कृपया जांचे कि आपको सही प्रश्न पत्र मिला है कि नहीं | )**

**सूचना :१. सभी प्रश्न अनिवार्य है |**

**२. उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक व उपक्रमांक अवश्य लिखे |**

**प्रश्न १. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए |** **(३०)**

**क.** “एक-जनता का
दुःख : एक।
हवा में उड़ती पताकाएँ
अनेक।
दैन्य दानव। क्रमिक स्थिति।
कंगाल बुद्धि: मजूर घर-भर।
एक जनता का - अमर वर :
एकता का स्वर।
अन्यथा स्वातंत्र्य-इति।”

**अथवा**

“बड़ी मस्तमौला, नहीं कुछ फ़िकर है,
बड़ी ही निडर हूँ, जिधर चाहती हूँ
उधर घूमती हूँ, मुसाफ़िर अजब हूँ !
न घर-बार मेरा, न उद्देश्य मेरा,
न इच्छा किसी की, न आशा किसी की,
न प्रेमी, न दुश्मन,
जिधर चाहती हूँ उधर घूमती हूँ !
हवा हूँ, हवा, मैं बसंती हवा हूँ।”

**ख.** “गजाधर बाबू ने प्यार से समझाया, ‘तुम सुबह पढ़ लिया करो। तुम्हारी माँ बूढ़ी हुई, उनके शरीर में अब वह शक्ति नहीं बची है। तुम हो, तुम्हारी भाभी हैं, दोनों को मिलकर काम में हाथ बँटाना चाहिए।’”

**अथवा**

“तु तो बस यही सोच करता होगा कि गदल गई, अब पहले-सा रोटियों का आराम नहीं रहा। बहुएँ नहीं करेंगी तेरी चाकरी देवर ! तूने भाई से और मुझसे निभाई, तो मैंने भी तुझे अपना ही समझा! बोल झूठ कहती हूँ?”

**प्रश्न २. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |** **(२०)**

**च.** ‘बाघ’ कविता का केंद्रीय भाव स्पष्ट कीजिए |

**अथवा**

‘किस्सा जनतंत्र’ कविता में सहज प्रेम का चित्रण किया गया है | इस पर प्रकाश डालिए |

**छ.** गणपति और गणनायक के मध्य हुए संवादों की चर्चा कीजिए |

**अथवा**

‘घुसपैठिये’ कहानी के माध्यम से दलित छात्रों की चुनौतियों पर प्रकाश डालिए |



4A91CAE847BB9EFAB1065B0ED6656074

**प्रश्न ३. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ कीजिए |** **(१०)**

**त.** ग़ज़ल का केन्द्रीय भाव |

**अथवा**

'चल पड़े जिधर दो डग, मग में' कविता का मूल भाव |

**थ.** 'अकेली' कहानी की सोमाबुआ |

**अथवा**

'सिक्का बदल गया' कहानी का सन्देश |

**प्रश्न ४. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए |** **(१०)**

१. जनता का दुःख कितने प्रकार का है?
२. हवा के अनुसार वह कौन- सी हवा है?
३. ग़ज़लकार क्या नहीं छोड़ना चाहता है?
४. जनता किस नेता की बात मानती थी?
५. किस्सा जनतंत्र कविता के कवि कौन है?
६. 'वापसी' कहानी किसकी रचना है?
७. सोमाबुआ के पति साल के ग्यारह महीने कहाँ रहते थे?
८. गदल किससे शादी करना चाहती थी?
९. सुभाष सोनकर को किसने पीटा?
१०. 'कब्र का मुनाफा' कहानी के रचनाकार कौन है?

**प्रश्न ५. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए |** **(१०)**

१. नोटबंदी का प्रभाव |
२. मुंबई की बारिश |
३. यदि मैं शिक्षा मंत्री होता |
४. किसान की आत्महत्या |

**प्रश्न ६.(अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सूचना के अनुसार दीजिए |** **(१०)**

**य. निम्नलिखित शब्दों के लिंग परिवर्तन कीजिए |**
अ. पुत्र, आ. बकरा, इ. दादी, ई. लेखिका

**र. निम्नलिखित शब्दों के वचन परिवर्तन कीजिए |**
अ. बेटा, आ. तारा, इ. मात्रा, ई. बातें

**ल. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची और विलोम शब्द लिखिए |**
पर्यायवाची : अ. दिन, आ. नौकर
विलोम : इ. उदय, ई. खंडन

**व. निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए |**
अ. कुत्ते की मौत मरना, आ. ठेस लगना, इ. अक्ल का पुतला, ई. नाक में दम करना |

**(आ) निम्नलिखित अवतरण का पल्लवन कीजिए |** **(१०)**
गांधी टोपी की उमंग और है, गांधीत्व की गंध और राजा राधिकारमण |

*********



4A91CAE847BB9EFAB1065B0ED6656074